## गणगौर हेला ख्याल संगीत दंगल समिति के जगदीश बने अध्यक्ष

**मॉर्निंग न्यूज @ लालसोट।** उपखंड मुख्यालय लालसोट में हेला ख्याल संगीत दंगल समिति के अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर नगर पालिका परिसर में अधिशाषी अधिकारी नमन शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई जिसमें गणगौर हेला ख्याल संगीत दंगल समिति के नए अध्यक्ष के चयन एवं गत वर्ष समिति के अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष की ओर से आय. व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया। अध्यक्ष पद के लिए हुई इस बैठक में जगदीश अग्रवाल को सर्व सम्मति से अध्यक्ष बनाया गया। नवनिर्वाचित हैला ख्याल दंगल अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल का फूल माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया । इस अवसर पर सभी कार्य कर्ता एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## चुनाव प्रत्याशियों के नाम निर्देशन पत्रों की हुई जांच

**मॉर्निंग न्यूज @ अलवर।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अलवर आशीष गुप्ता की अध्यक्षता में अलवर लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की गई। स्क्रूटनी के बाद सभी 10 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र वैध पाए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष गुप्ता ने बताया कि नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (स्क्रूटनी) के दौरान फजल हुसैन (बहुजन समाज पाटी), भूपेन्द्र यादव (भारतीय जनता पार्टी), ललित (इंडियन नेशनल काँग्रेस), प्रदीप कुमार (सर्व समाज पार्टी), विश्वनाथ खींची (हिन्दुस्तान जनता पार्टी), अमित गुप्ता (निर्दलीय), छगनलाल (निर्दलीय), महेन्द्र कुमार (निर्दलीय), रामबाबू शर्मा (निर्दलीय) एवं विवेक जैन (निर्दलीय) के नाम निर्देशन पत्र वैध पाए गए। उन्होंने बताया कि 30 मार्च शनिवार तक कार्यालय समय से अपराह्न 3 बजे तक अभ्यर्थनाएं वापस ली जा सकेंगी।

## पटवा समाज की महिलाओं ने मनाया फागोत्सव

**मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौडगढ़।** गांधीनगर हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में स्थित शिव मन्दिर में बुधवार को पटवा समाज की महिलाओं द्वारा फागोत्सव मनाया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान भजन गायिका सीमा टेलर के भजनो पर समाज की महिलाओं द्वारा नृत्य किया गया एवं भजनो की प्रस्तुतियॉ दी गई। समाज के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा भी राधा-कृष्ण, बनकर प्रस्तुती दी गई।

उक्त कार्यक्रम में मीना पटवा, तुलसी पटवा, रीना पटवा राधिका पटवा, प्रीति पटवा, ज्योति पटवा की विशेष भूमिका रही। इस अवसर पर समाज की महिलाएँ चिंकी, चिया, बिट्टू, दिपिका, लाली, शिवानी, मोना, देवश्री, संध्या, फूलवन्ती, पुष्पा, श्वेता, अन्तिमा, रतनी, उदी, मनोहर, भगवती, टीना, सन्नू, निकिता, ज्योति, पूजा, राधा, रेणू, सीमा, चन्द्रकान्ता, सोनू, चंचल, डिम्पल, कृष्णा, कोमल एवं समाज की अन्य महिलाएँ उपस्थित रही एवं फागोत्सव मनाया हैं।

## जेल में मोबाईल व तम्बाकू का फेंका पार्सल

**मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौडगढ़।** जिला जेल में अज्ञात बदमाशों ने पार्सल में मोबाइल, तंबाकू और डाटा केबल फेंक कर बंदियों तक पहुंचाने की कोशिश की। गश्त कर रहे जेल प्रहरी की नजर पार्सल पर गई तो संदिग्ध वस्तु की आशंका पर अधिकारियों को सूचना दी। कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अंबालाल एएसआई ने बताया कि जेल प्रहरी गश्त कर रहा था। इस दौरान मुख्य प्रहरी गोपाल दास को एक खाकी रंग का बॉलनुमा बंद पैकेट मिला। पार्सल को खोलकर देखा जिसमें सामने आया कि पार्सल के अंदर एक मोबाइल था। मोबाइल का आकार अंगुली जितना था। पार्सल में 220 ग्राम तंबाकू और एक डेटा केबल भी थी। कोतवाली थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वही इस मोबाइल में सिम नहीं थी। ऐसे में पुलिस मोबाइल के ईएमआई नंबर के आधार पर खरीददारों के साथ ही दुकानदार तक पहुंचने का प्रयास करेगी।

# फागोत्सव में श्याम बाबा की सजाई झांकी रंग-गुलाल एवं फूलों से खेली होली

**मॉर्निंग न्यूज @ चाकसू।** कस्बे की ईच्छेश्वर कॉलोनी में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कृषि मंडी चाकसू के पूर्व अध्यक्ष कैलाश शर्मा के आवास पर आयोजित होली स्नेह मिलन एवं फागोत्सव पर विशेष रूप से सजाया गए श्याम बाबा के दरबार की अनोखी चित्ताकर्षक झांकी देखने के लिए श्रद्धालुओं का दिन भर तांता लगा रहा।

कार्यक्रम के आयोजन में सफल आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाने वाले गोपीनाथ मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष दिनेश शर्मा, मंत्री रामप्रकाश शर्मा, नन्द किशोर शर्मा, दिनेश जी सूर्य मंदिर वाले, प्रेम प्रकाश शर्मा, मोनू शर्मा आदि ने कार्यक्रम में आने वाले भक्तों का रंग, गुलाल, अबीर के साथ पुष्पों की

वर्षा करते हुए स्वागत किया। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित विधायक रामावतार बैरवा, कोटखावदा प्रधान प्रहलाद मीणा, सरवण गुर्जर, भाजपा मंडल अध्यक्ष बनवारी लाल शर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष रामधन सैनी, वरिष्ठ भाजपा नेता अंबालाल यादव, पार्षद त्रिवेणी श्याम शर्मा, मांगीलाल बैरवा, राघव शर्मा, सहित अनेक गणमान्य नागरिकों, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों आदि ने समारोह का आनन्द लिया। कार्यक्रम को रंगारंग बनाने के लिए जयपुर से विशेष रूप से आमंत्रित प्रसिद्ध कथावाचक पंडित विष्णु महाराज, गायक कलाकार जॉनी शर्मा के सानिध्य में साथियों द्वारा मनमोहन भजनों एवं फाग की प्रस्तुति दी गई। सामुहिक हरिनाम संकीर्तन में स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। इस अवसर पर क्षेत्र के जाने-माने संत बजरंगाचार्यजी महाराज का आशीर्वाद भी मिला। आयोजन कर्ताओं द्वारा फागोत्सव एवं होली स्नेह मिलन कार्यक्रम में आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए की गई जलपान एवं अल्पाहार की सुंदर व्यवस्था का भी आनन्द लिया।

## अवैध खनन से गौ चरनोट भूमि मुक्त कराने की मांग

**मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौडगढ़।** भूपालसागर तहसील के छीपों का आकोला ग्राम में गौ चरनोट भूमि पर हो रहे अवैध खनन को रोके जाने की मांग को लेकर शिव सेना जिला इकाई द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

जिला प्रमुख गोपाल वेद के अनुसार अज्ञात भूमाफ्यिाओं द्वारा मशीनें लगाकर अवैध खनन का कार्य किया जा रहा है। जगह-जगह बड़े-बड़े खड्डे हो गये हैं, मवेशीयों के चरने के लिए भी स्थान शेष नहीं रही। भूमाफ्यिाओं द्वारा लगातार अपना क्षेत्र बढ़ाया जा रहा है जिससे वर्तमान में लगभग 50 बीघा जमीन पर अवैध खनन कर पत्थर निकाल कर बेचे जा रहे हैं जो गैर कानूनी होकर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही करने योग्य है।

## जिला माहेश्वरी महिला संगठन का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौडगढ़।** जिला माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा महेश भवन, शास्त्रीनगर में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया। जिला अध्यक्ष कृष्णा समदानी ने बताया कि जिले व नगर की समस्त समिति सहसंयोजिकाए और समिति सदस्यों ने इसमें भाग लिया। सचिव रितु सोडाणी ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य समिति प्रभारी निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष कुंतल तोषनीवाल, संरक्षक सरस्वती रांदड, प्रेम मान्धना, प्रदेश संगठन मंत्री चंदा नामधर की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। संगठन मंत्री उमा न्याती और कोषाध्यक्ष सीमा काबरा ने बताया कि प्रशिक्षण तोषनीवाल द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान नगर और जिले की सभी समितियो को पूरे वर्ष के दौरान प्रोजेक्ट के बार में जानकारी दी। जिससे हम हमारे समाज और देश के विकास में अधिक से अधिक योगदान दे सके। समाज की महिला उद्यमी के जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए उन्हें प्लेटफार्म प्रदान करना, बाल एवं किशोरी विकास के लिए, स्वास्थ्य संबंधी, पर्यावरण सुरक्षा, समय-समय पर तकनीकी शिक्षण देने, पारिवारिक सामंजस्य बना रहे आदि प्रोजेक्ट पर कार्य करने को बहुत ही सुंदर तरीके से समझाया गया।

जिला उपाध्यक्ष डिंपल बिरला, सहसचिव भावना न्याती ने बताया कि नगर अध्यक्ष जया तोषनीवाल और सच्ची नीतू तोषनीवाल ने आगामी त्योहार गणगौर और नव वर्ष पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक समाजजन से शामिल होने की अपील की है।

## चुनाव संबंधी व्यवस्थाओं को लेकर किया निर्देशित

**मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौडगढ़।** लोकसभा आम चुनाव में नामांकन के पहले दिन चित्तौडगढ़ संसदीय क्षेत्र से 01 अभ्यर्थी द्वारा नामांकन रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष दाखिल किया गया। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 01 अभ्यर्थी पहचान पीपुल्स पार्टी से मोहम्मद वाहिद खान द्वारा नामांकन दाखिल किया गया।

रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि नामांकन को लेकर निर्वाचन विभाग पूरी तरह से अलर्ट है। नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही सुरक्षा के विशेष बंदोबस्त किए है। नामांकन के दौरान प्रत्याशी के साथ केवल चार समर्थकों को ही निर्वाचन अधिकारी के कक्ष में प्रवेश मिल सकेगा। इसके साथ ही प्रत्याशी को केवल तीन वाहन के साथ ही कलक्ट्रेट में प्रवेश मिलेगा।

## तीन दिवसीय कब-बुलबुल उत्सव शिविर आयोजित

**मॉर्निंग न्यूज @ बांदीकुई।** शहर के उत्तर पश्चिम रेलवे प्रशिक्षण केन्द्र परिसर में राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाईड़ जिला मुख्यालय दौसा के तत्वावधान में स्थानीय संघ बांदीकुई तीन दिवसीय कब/बुलबुल उत्सव शिविर आयोजित हुआ।

शिविर में विभिन्न विद्याओं के बारे में जानकारी दी गई। शिविर प्रभारी कुलदीप शर्मा ने बताया कि चतुर्थ चरण एवं हीरक पंख जांच शिविर का सीओ स्काउट प्रदीप सिंह ने ध्वजारोहण के साथ शुभारंभ किया। संघ सचिव गोवर्धन मित्तल ने कब बुलबुल को समाज सेवा की प्रथम कडी बताया। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं मुख्य आयुक्त गोविन्द नारायण माली ने

शिविर में स्काउटरों को विभिन्न दिशा निर्देश दिए। इस दौरान कब बुलबुल उत्सव में दक्ष प्रशिक्षण सुरेश चंद शर्मा, जगदीश प्रसाद सैनी, बबली मीणा, गुलाब देवी मीणा, बबीता विजय, सुमन, शशिकांत शर्मा ने विभिन्न विधाओं की जानकारी दी। रेलवे प्रशिक्षण केन्द्र पर कब बुलबुल उत्सव के आयोजन में व्यवस्थाओं के लिए एसएसई हरिमन मीणा, आईडब्ल्यू रजनीश त्रिपाठी, एचआई दीपक नागर, गोविन्द चनेला, एसओसी दिनेश पांडे द्वारा उत्कृष्ठ सहयोग दिया गया। समापन पर वरिष्ट अध्यापक फतेह सिंह ने ज्यातिमी बॉक्स एंव फलाहार की व्यवस्था की। इस मौके पर राहुल माल, मुन्ना भाई सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व भगवान गणेशजी को दिया न्यौता

**मॉर्निंग न्यूज @ बांदीकुई**

उपखंड की नंदेरा ग्राम पंचायत स्थित श्री कल्याण धाम नंदेरा डूंगरी पर 16 मई से डूंगरी के संत लक्ष्मण दास महाराज के सानिध्य में जन कल्याण के लिए होने वाले विशाल पंच कुंडीय श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमदभागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाऐगा।

कार्यक्रम को लेकर शहर के भांडेडा रोड़ स्थित गणेश मंदिर में गणेश जी महाराज को निमंत्रण दिया गया। संत लक्ष्मण दास ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ 16 मई को विशाल कलश यात्रा के साथ होगा। जहां प्रात: सवा आठ बजे पंचमुखी हनुमान मंदिर से कलश यात्रा निकाली जाऐगी। यहां प्रतिदिन दोपहर

में सवा 12 बजे से योगेन्द्र बृजवासी प्रवचन देगे।

22 मई को रात्रि में जागरण होगा। 23 को हवन,पूजन एवं भंडारा होगा। जहां कार्यक्रम को लेकर गणेश मंदिर भांडेडा रोड़ बांदीकुई में जाकर पूजा अर्चना की। तथा गणेश जी महाराज को प्रथम निमंत्रण देकर कार्यक्रम के आगमन के लिए न्यौता दिया।

साथ ही कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन की कामना की।

## स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को किया जागरूक

**मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौडगढ़।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों पर स्वीप गतिविधियों के तहत मतदाताओं को गुलाल लगाकर उनसे मतदान की मनुहार की जा रही है और साथ ही मतदान मेहंदी प्रतियोगिता भी करवाई जा रही है। गुलाल लगाकर मनुहार करने के पीछे उद्देश्य यह है कि गांव में जब कार्यकर्ताओं द्वारा मतदाताओं को गुलाल लगाया जाता है तो उत्सुकता वश अन्य ग्राम वासियों द्वारा प्रश्न किया जा रहा है कि क्या अवसर है, इस पर रुचि बुकल उपनिदेशक आईसीडीएस ने बताया गया कि 26 अप्रैल को मतदान है और उन्हें मतदान करने अवश्य जाना है। इस प्रकार लोकतंत्र का यह सबसे बड़ा त्यौहार रंगों के साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा मनाया जा रहा है।

## 'यज्ञों से पर्यावरण की शुद्धता ही वैदिक वांग्मय की वर्तमान प्रासंगिकता'

**मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौडगढ़।** यज्ञों में होने वाले विधान और उसमे प्रयुक्त होने वाली सामग्रियां औषधीय गुणों से युक्त होती हैं आज के विज्ञान ने भी इसे सिद्ध किया है। विश्व में जहां भी पर्यावरण को नजरअंदाज किया गया, आज वहां अस्तित्व विलुप्त होने की कगार पर हैं। स्वस्थ पर्यावरण को पनपने में हजारों वर्ष लग जाते हैं और इसका संरक्षण नई पीढ़ी तक पहुंचाना एक बहुत ही अहम कार्य होता हैं। पर्यावरण न तो युद्धों को बर्दाश्त कर सकता है न ही भौतिक सुविधाओं से निर्मित प्रदूषण को।

पर्यावरण को समझ भी वो ही सकता है जो इससे तालमेल कर जीता हैं। किसी भी देश की जीवनशैली से उसका पर्यावरण संतुलन हटा लो, उस देश को बर्बाद होने में बहुत थोड़ा समय लगेगा। इसीलिए हजारों लाखों वर्षों पहले हमारे वैदिक ऋषियों ने पर्यावरण के प्रत्येक घटक जैसे जल, मिट्टी, वायु आदि को देव के रूप में मानते हुए उनके संरक्षण पर बल दिया। उक्त बाते महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय उज्जैन के पूर्व कुलपति प्रो. मिथिला प्रसाद त्रिपाठी मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे। विश्वविद्यालय प्रवक्ता डॉ मृत्युञ्जय तिवारी ने बताया कि वैदिक वांग्मय में पर्यावरण और प्रासंगिकता विषय पर राजस्थान संस्कृत अकादमी एवं श्री कल्लाजी वैदिक विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस संगोष्ठी में अकादमी के पूर्व निदेशक डॉ. संतोष पांड्या ने कहा कि मानव देह भी अग्नि, वायु, जल, पृथ्वी एवं आकाश पंच तत्वों से निर्मित है, उनमें एक के अभाव में भी जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती।

## पृष्ठ एक का शेष...

### बीजेपी स्थापना...

बार हम स्थापना दिवस को एक अभियान के रूप में मना रहे हैं। इस एक दिवसीय अभियान में बीजेपी कार्यकर्ता हर तक पहुंचेगा। इसकी जिम्मेदारी हमने बूथ कार्यकर्ताओं की टीम को दी हैं। यह टीम स्थापना दिवस के दिन सुबह से ही बूथ में आने वाले मतदाताओं के घर जाएगी। उनकी इच्छा से उनके घर पर बीजेपी का झंडा लगाएगी। उनके घर पर मैं मोदी का परिवार और कमल के फूल का स्टीकर लगाएगी। इसके साथ ही पिछले 10 वर्षों में केन्द्र सरकार की उपलब्धियों और राजस्थान सरकार के साढ़े 3 महीनों में किए गए कामों की जानकारी भी उनसे साझा करेगी। वहीं, इन कामों का एक पत्रक पार्टी ने तैयार करवाया हैं। जिसे भी वो मतदाताओं को देगी। इस तरह से हम स्थापना दिवस पर एक दिवसीय अभियान के जरिए हर घर तक संपर्क करेंगे।

### सीजेआई चंद्रचूड़...

ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन मिश्रा, अदिश अग्रवाल, चेतन मित्तल, पिंकी आनंद, हितेश जैन, उज्ज्वला पवार, उदय होल्ला और स्वरूपमा चतुर्वेदी शामिल हैं। वकीलों ने लिखा-रिस्पेक्टेड सर, हम सभी आपके साथ अपनी बड़ी चिंता साझा कर रहे हैं। एक विशेष समूह न्यायपालिका पर दबाव डालने की कोशिश कर रहा है। यह ग्रुप न्यायिक व्यवस्था को प्रभावित कर रहा है और अपने घिसे-पिटे राजनीतिक एजेंडे के तहत उथले आरोप लगाकर अदालतों को बदनाम करने की कोशिश कर रहा है। उनकी इन हरकतों से न्यायपालिका की पहचान बताने वाला सौहार्द्र और विश्वास का वातावरण खराब हो रहा है। राजनीतिक मामलों में दबाव के हथकंडे आम बात हैं, खास तौर से उन केसेस में जिनमें कोई राजनेता भ्रष्टाचार के आरोप में घिरा है। ये हथकंडे हमारी अदालतों को नुकसान पहुंचा रहे हैं और लोकतांत्रिक ढांचे के लिए खतरा हैं। ये विशेष समूह कई तरीके से काम करता है। ये हमारी अदालतों के स्वर्णिम अतीत का हवाला देते हैं और आज की घटनाओं से तुलना करते हैं। ये महज जानबूझकर दिए गए बयान हैं, ताकि फैसलों को प्रभावित किया जा सके और राजनीतिक फायदे के लिए अदालतों को संकट में डाला जा सके।

### प्रदेश में लोकसभा...

के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। इनमें 27,536 वरिष्ठ नागरिक और 9,322 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। सर्वाधिक 4,957 रजिस्ट्रेशन सीकर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हुए हैं। सीकर में 3,866 वरिष्ठ नागरिकों और गंगानगर में 1,160 दिव्यांगों ने पंजीकरण करवाया है, जो कि सर्वाधिक है। होम वोटिंग के लिए विशेष मतदान टीमें 5 अप्रैल से घर-घर जाएंगी और वोटिंग करवाएंगी। यह प्रक्रिया 16 अप्रैल तक चलेगी।

### आरसीए कार्यकारिणी...

ने राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाफ वित्तीय अनियमितताओं और नियमों की अवहेलना को लेकर 22 फरवरी के दिन कार्रवाई करते हुए आरसीए ऑफिस सील कर दिया था। इसके बाद राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से 29 फरवरी, 4 मार्च, 12 मार्च और 19 मार्च को सहकारिता विभाग में अपना पक्ष भी रखा गया था। इस दौरान राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ऑफिस सील होने की वजह से दस्तावेज नहीं जमा करने की बात कही। इस पर जांच अधिकारी ने नाराजगी जाहिर कर 28 मार्च तक आरसीए पदाधिकारियों को अपना पक्ष रखने का अंतिम मौका दिया है।

राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा सहकारिता विभाग द्वारा की जा रही जांच में ऑफिस सील होने का हवाला देकर आरसीए के दस्तावेजों का रिकॉर्ड नहीं होने का दावा किया जा रहा है। वहीं, दूसरी और आरसीए द्वारा चुनाव प्रक्रिया का आयोजन भी किया जा रहा है। इसको लेकर अब सवाल उठने लगे हैं। इसके बाद कुछ जिला संघ के पदाधिकारियों ने मुख्य चुनाव अधिकारी सुनील अरोड़ा से मिल शिकायत भी दर्ज कराई है। इसके बाद अब आरसीए चुनाव प्रक्रिया पर भी सवाल खड़े होने लगे है। ऐसे में चुनाव प्रक्रिया में बदलाव की भी संभावना है।

### प्रदेश में दूसरे...

31 मार्च और एक अप्रैल को राजकीय अवकाश के कारण नामांकन पत्र नहीं भरे जाएंगे। नामांकन जिला निर्वाचन कार्यालय पर सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक भरे जाएंगे।

### जयपुर में....

इस बार सोनिया गांधी टिकट फाइनल करने के लिए हुई सेंट्रल इलेक्शन कमेटी की हर बैठक में मौजूद रही हैं। अब लोकसभा चुनाव के प्रचार में भी उतर कर सक्रियता बढ़ाई है। सोनिया गांधी फरवरी में राजस्थान से निर्विरोध राज्यसभा सांसद चुनी गई हैं। ऐसे में राजस्थान में ज्यादा सभाएं कर सकती हैं।

## राष्ट्रीय स्वाभिमान आंदोलन का पश्चिम क्षेत्र का तीन दिवसीय प्रशिक्षण आज से

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** राष्ट्रीय स्वाभिमान आंदोलन के चुनिंदा 80 कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण वर्ग जयपुर में भाजपा के पूर्व महासचिव संगठन, व विचारक के.एन. गोविंदाचार्य, संस्थापक संरक्षक के सान्निध्य में 29, 30, 31 मार्च को आदर्श विद्या मंदिर, आदर्श नगर गोविंद मार्ग, राजापार्क जयपुर में शुरू होगा। राष्ट्रीय सह संयोजक पूर्व विधायक नवरत्न राजोरिया ने बताया कि उद्घाटन समारोह 29 मार्च को प्रात: 10.30 बजे प्रारंभ होगा तथा समापन 31 मार्च को दोपहर 3.00 बजे से होगा। प्रशिक्षण वर्ग में राजगोपालाचार्य एकता परिषद वाले, डॉ. महेश चन्द्र शर्मा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष भाजपा एवं अध्यक्ष एकात्म मानव दर्शन विकास एवं शोध प्रतिष्ठान, चंद्रशेखर प्राण, तिसरी सरकार एवं नेहरू युवा केन्द्र वाले, पदम् लक्ष्मण सिंह लापौडिया जल संरक्षक, विरेंद्र पाण्डे पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ सरकार, एवं संविधान विशेषज्ञ लक्ष्मी नारायण भाला, वरिष्ठ प्रचारक कैलाश शर्मा, भरत व्यास एडवोकेट, अतिरिक्त महाधिवक्ता राजस्थान उच्च न्यायालय, विमल चौधरी एडवोकेट वरिष्ठ अधिवक्ता राजस्थान उच्च न्यायालय, कान्ता प्रसाद शर्मा एडवोकेट वरिष्ठ अधिवक्ता राजस्थान उच्च न्यायालय प्रोफेसर विजय जी वशिष्ठ शिक्षाविद् एवं समाजसेवी आदि कार्यकर्ताओं को संबोधित कर मार्गदर्शन करेंगे। इनके अलावा राष्ट्रीय स्वाभिमान आंदोलन के राष्ट्रीय पदाधिकारी जिनमें राष्ट्रीय संयोजक बसव राज पाटिल, कार्यकारी संयोजक सुरेन्द्र विष्ट, सहसंयोजक अरुण कुमार सत्यमूर्ति एडवोकेट पटना बिहार, प्रदीप कुमार नागपुरकर सचिव, गिरिराज गुप्ता सहसंगठन मंत्री, विनय भूषण सहसंगठन मंत्री व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहकर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे।

**NAME CHANGE**

I Have Changed My Name From Mukesh Verma To Mukesh Kumar Verma Address Baberwalon Ki Dhani Near Morwalo Ki Dhani Jobner Phuler Jaipur Raj 303328

I Have Changed My Name Shalini Garg To Pooja Aggarwal For All Future Purpose Address 4-B-25 Jawahar Nagar Ganganagar Raj 335001